डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

(Accredited Grade A+ by NAAC)

पत्रांक: COE/465/2026 **दिनांक 14-11-2026**

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित सम्बद्ध महाविद्यालय,
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषयः– राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020/FYUP के अन्तर्गत नवम्बर/दिसम्बर–2026 की परीक्षाओं में सी0सी0टी0वी0 निगरानी हेतु लॉगिन आई0डी0 एवं पासवर्ड उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020/FYUP के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तर के बी०ए०, बी०एससी०, बी०कॉम० प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर तथा परास्नातक स्तर के एम०ए०, एम०कॉम० एवं एम०एससी० प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की नवम्बर/दिसम्बर–2026 की परीक्षाएँ दिनांक 17–11–2026 से प्रारम्भ होना प्रस्तावित हैं।

उक्त परीक्षाओं को शुचितापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने तथा परीक्षा के दौरान प्रभावी निगरानी सुनिश्चित किये जाने के दृष्टिगत समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्थापित सी.सी.टी.वी. कैमरों के माध्यम से ऑनलाइन निगरानी किया जाना आवश्यक है। इस हेतु सम्बन्धित महाविद्यालयों में स्थापित सी.सी.टी.वी. कैमरों के संचालन एवं निगरानी के लिए आवश्यक लॉगिन आई०डी० एवं पासवर्ड सहित अन्य तकनीकी विवरण प्राप्त किया जाना अनिवार्य है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय में स्थापित सी.सी.टी.वी. कैमरों से सम्बन्धित निम्नांकित समस्त सूचनाएँ निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें:–

1- College Name & Code
2- DVR Name
3- DVR Serial Number
4- QR Code
5- Login I.D.
6- Login Password
7- Technician Name
8- Technician Mobile Number

उपर्युक्त सूचनाएँ दिनांक 17–11–2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक अनिवार्य रूप से निम्नलिखित ई–मेल आई०डी० एवं गूगल फॉर्म के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें:–

ई–मेल आई०डी०: dbraucctv@gmail.com

Google Form Link:

https://forms.gle/yFvg4UY4sJ1T4JBHA

उक्त सूचना निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध न कराये जाने की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय पर आर्थिक दण्ड अधिरोपित किया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, नोडल परीक्षा केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि वह अपने स्तर से भी सम्बद्ध परीक्षा केन्द्रों को सूचित करने का कष्ट करें।
2. प्रभारी, कुलपति सचिवालय, माननीय कुलपति जी के संज्ञनार्थ।
3. प्रभारी, कुलसचिव कार्यालय को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4. समन्वयक/सदस्य, सी0सी0टी0वी0 कन्ट्रोल रूम।
5. प्रभारी वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. एजेन्सी–2026 को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना को समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों की लॉगइन आई0डी0 पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
7. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक